उदय जीविका महिला संकुल संघ

ग्राम+पंचायत:- सबलपुर, प्रखंड-पटना सदर, जिला-पटना।

ई मेल:- udayclf190522@gmail.com, दूरभाष:-7654184250,9973157296

पत्रांक :- Uday/CLF/Sabalpur-165 दिनांक:- 23/01/25

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उदय जीविका महिला संकुल, सबलपुर, पटना सदर द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर अनुसूचित जाति आवासीय बालिका विद्यालय, गायघाट, पटना में संचालित जीविका दीदी की रसोई सुगमता पूर्वक संचालन हेतु संविदा के आधार पर कैंटीन प्रबंधक (Canteen Manager) पद पर नियोजन हेतु विहित प्रपत्र में सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है :

क्र. सं.	पद का नाम	पद की संख्या	शैक्षणिक योग्यता	वांछित योग्यताएं	उम्र	मानदेय रु. प्रति माह (समेकित)
01	कैंटीन प्रबंधक (Canteen Manager)	01 (UR)	उम्मीदवार होटल प्रबंधन/ केटरिंग तकनीक (बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट (BHM)/ बैचलर इन होटल मैनेजमेंट एंड केटरिंग टेक्नोलॉजी (BHMCT)/ बीएससी इन हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन/ बीए इन होटल मैनेजमेंट/ बीबीए इन हॉस्पिटैलिटी/ बीबीए इन होटल मैनेजमेंट/ होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।	आवेदन हेतु उम्मीदवार के पास कैंटीन, होटल एवं रेस्टोरेंट के प्रबंधन का काम में कम से कम तीन वर्ष का कार्य अनुभव अनिवार्य है।	21 से 45 वर्ष (आयु की गणना विज्ञापन जारी होने की तिथि के दिनांक के आधार पर की जायेगी)	20,000 – 35,000

आवश्यक मापदंड :

1. यह पद अस्थाई एवं अनुबंध आधारित है।
2. कंप्यूटर संचालन का ज्ञान होना चाहिए।
3. व्यवहार कुशल होना चाहिए।
4. कैंटीन मेनेजर की परिवीक्षा अवधि योगदान छ: महीने तक की होगी।
5. नियोजन अवधि:- मानदेय आधारित उक्त पद संविदा आधारित होंगे जिन्हें आवश्यकतानुसार संतोषजनक कार्य अथवा विभागीय निदेश के आलोक में विस्तारित किया जा सकेगा।
6. मानदेय के आधार पर चयनित कर्मी ना तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और ना ही सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हक़दार माने जायेंगे। मानदेय के आधार पर चयनित कर्मी द्वारा सरकारी सेवा के नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
7. इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन विहित आवेदन प्रपत्र में भरकर शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, आवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति दिनांक 10-02-2025 शाम 5:00 बजे तक अंकित पते पर हाथों हाँथ या मेल के माध्यम से जमा कर सकते है।

नोट: उदय जीविका महिला संकुल, सबलपुर, पटना सदर किसी भी समय इस विज्ञापन को रद्द करने या संशोधन करने के लिए स्वतंत्र रहेगा एवं संकुल संघ का निर्णय सर्वमान्य होगा।

आवेदन पत्र जमा करने का पूर्ण पता : उदय जीविका महिला संकुल, सबलपुर, ग्राम + पोस्ट : सबलपुर, पटना सदर (पटना), पिन कोड : 800009

मोबाइल नंबर – 7654184250, 8271181761

E-Mail ID- udayclf190522@gmail.com

विशेष जानकारी के लिए निम्लिखित दूरभाष सं० पर सम्पर्क किया जा सकता है। दिनांक:10/02/2025 को अपराह्न 05:00 बजे के पश्चात कार्यालय में उपलब्ध कराई गई आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

उदय जीविका महिला संकुल, सबलपुर, पटना सदर

उदय जीविका महिला संकुल संघ

क्लस्टर- सबलपुर, प्र०- पटना सदर, पटना

अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष